# कार्यालय वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वनमण्डल शहडोल

## जिला-शहडोल ४८४००१ (मध्यप्रदेश)

फोन (कार्या–240304) (निवास–241443) (फैक्स–240304) ई–मेल– dfotsshahd@mp.gov.in

क्रमांक/मा.चि./2023/ 2347 शहडोल, दिनांक : 18/10/2023

प्रति,

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
**(भू-प्रबंध)**
**वन भवन भोपाल**

विषय– वन मंडल दक्षिण शहडोल के परिक्षेत्र शहडोल के विभिन्न खसरों के रकबा 15.549 हे. राजस्व वनभूमि एवं वन मंडल उमरिया के परिक्षेत्र घुनघुटी के वन कक्ष RF-227 & PF-779 के रकबा 46.488 हे. तथा विभिन्न खसरो की रकबा 18.553 हे राजस्व वनभूमी कुल रकबा 80.59 हे. वनभूमी में शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक अंतर्गत भूमिगत कोयला उत्खनन तथा उपरिसतह उपयोग के व्यपवर्तन का – मेसर्स सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड, रायपुर (छत्ती) का प्रस्ताव ।

सन्दर्भ :– 1. भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रलय नई दिल्ली का पत्र क्र-/8-10/2023 एफ.सी. दिनांक 22.09.2023

2. आपका पत्र क्रमांक/एफ–1/839/2023/10–11/4317 दिनांक 26.09.2023

3. में. सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड रायपुर (छ.ग.) का पत्र क्र./21 दिनांक 06.10.2023

------0000------

निवेदन है कि संदर्भित पत्र क्र. 1 से भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रलय नई दिल्ली द्वारा प्रकरण में 9 बिन्दुओ की जानकारी चाही गई थी, जिसमे संदर्भित पत्र क्रमांक–2 से बिंदु क्रमांक I से VIII तक की जानकारी आवेदक संस्थान से टेब्युलर फार्म में प्राप्त कर एवं बिंदु क्रमांक IX के संबंध में मौका स्थल की जॉच कर प्रतिवेदन अभिमत सहित भेजने हेतु निर्देश दिए गए है ।

भारत सरकार के बिंदु क्रमांक IX के परिपालन में मौका स्थल की जांच हेतु उप वनमंडलाधिकारी सोहागपुर को लेख किया गया। उप वनमण्डलाधिकारी सोहागपुर एवं संबंधित वन स्टाफ तथा आवेदक संस्थान के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनॉक 04.10.2023 को जॉच किया गया जिसमे वन भूमि कक्ष क्रमांक PF 780 एवं शाहपुर पश्चिम कोल खदान की माइनिंग लीज की सीमा का मिलान किया गया एवं माइनिंग लीज की सीमा 25 मीटर की दूरी पर पायी गई। वन भूमि कक्ष क्रमांक PF 780 की मौके से के.एम.एल. फाइल, माइनिंग लीज सीमा से वन भूमि के समीपी मुनारो एवं माइनिंग लीज के मुनारो का मिलान किया गया तथा स्थल की फोटोग्राफ्स लेकर उप वनमंडलाधिकारी सोहागपुर ने अपने पत्र क्रमांक /3917 दिनांक 05.10.2023 से प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मौका निरिक्षण के दौरान बिन्दुवार निम्नानुसार तथ्य पाए गए :–

1) शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक की माइनिंग लीज की के.एम.एल. फाइल का मौके से मिलान किया गया जिसके अनुसार माइनिंग लीज की के.एम.एल. फाइल सही पायी गई ।

2) मौके के अनुसार वन भूमि कक्ष क्रमांक PF 780 शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक की माइनिंग लीज की सीमा से 25 मीटर दूरी पर स्थित है एवं कोल ब्लाक की दक्षिण पूर्वी सीमा राजस्व के खसरो पर स्थित है । वन भूमि कक्ष क्रमांक PF 780 वन विभाग के मानचित्र के अनुसार भी शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक की माइनिंग लीज

की सीमा से 25 मीटर दूरी पर स्थित है। मानचित्र में दूरी मार्क कर ऑन लाईन भाग–II में पूर्व मेंअपलोड किया जा चुका है।

3) वन भूमि कक्ष क्रमांक PF 780 शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक की माइनिंग लीज की सीमा के अंतर्गत नहीं आता है। अतः वन मण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत व्यपवर्तन हेतु प्रस्तावित 15.549 हे रकबे में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है।

4) वन भूमि कक्ष क्रमांक PF 780 की वन विभाग की के.एम.एल. फाइल एवं मौके का मिलान करने पर वन विभाग की के.एम.एल. फाइल में शिफ्टिंग पाई गई है। कक्ष क्रमांक PF 780 की मौके से सी.पी.टी. एवं मुनारो के अनुसार PF780 कीके.एम.एल. फाइल तैयार की गई। मौके के अनुसार तैयार की गई के.एम.एल. के रकबे का कक्ष क्रमांक PF 780 के रकबे से मिलान होता है एवं शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक की माइनिंग लीज की सीमा से इसकी दूरी 25 मीटर है ।

संदर्भित पत्र क्रमांक–3 से आवेदक संस्थान द्वारा बिन्दु क्रमांक–I से VIII तक की जानकारी टैब्युलर फार्म में तैयार कर ऑनलाईन भाग–I में अपलोड कर दिया गया है, एवं बिन्दु क्रमांक–IX के संबंध में वन भूमि कक्ष क्रमांक PF 780की मौके की के0एम0एल0 फाईल ऑनलाईन भाग–I में अपलोड करायी गई है। जानकारी की हार्डकॉपी 04 प्रतियों में इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः अनुरोध है कि आवेदक संस्थान से टैब्युलर फार्म में प्राप्त बिन्दु क्रमांक–I से VIII तक एवं बिन्दु क्रमांक–IX की जानकारी तैयार कर ऑनलाईन अपलोड कर हार्डकॉपी 02 प्रतियों में संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर संप्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार


(श्रद्धा पन्द्रे)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल दक्षिण शहडोल

पृ.क्रमांक/मा.चि./2023/ शहडोल, दिनांक : /2023

**प्रतिलिपि :-** 1. मुख्य वन संरक्षक, वन वृत्त शहडोल की ओर सूचनार्थ संलग्न सादर सम्प्रेषित।

2. मेसर्स सारडा एनर्जी एण्ड मिनरल्स लिमिटेड, रायपुर (छ0ग0) की ओर सूचनार्थ अग्रेषित। संलग्न – उपरोक्तानुसार अनुक्रमांक–1 के लिये।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल दक्षिण शहडोल


शाहपुर पश्चिम कोल ब्लाक की
माइनिंग लीज की सीमा
25 मीटर दूरी
वन विभाग की KML (वर्तमान DSS)
मौके से तैयार की गई कक्ष क्रमांक
PF780 की वास्तविक KML
Image © 2023 Maxar Technologies







CSDO-Sohag

C.P. Tiwari


03.10.2023 13:24
23°14'18.94"N 81°18'40.2"E


04.10.2023 10:39
23°14'19.86"N 81°18'40.91"E